स्वच्छता पखवाड़ा में स्वभाव स्वच्छता - संस्कार... पृष्ठ 2 | राजनांदगांव और पंजाब के हॉकी... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स


नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

गुरूवार, 26 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 342, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ ने पाया स्थान, उत्तर प्रदेश को छोड़ा पीछे

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ राज्य ने रोजगार सृजन के मामले में देश भर में बड़ी उपलब्धि हासिल की है. हाल ही में जारी की रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ ने देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में पांचवां स्थान प्राप्त किया है. राज्य में चल रहे रोजगार सृजन और विकास प्रयासों के कारण छत्तीसगढ़ अब उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों को भी पीछे छोड़ चुका है, जो बेरोजगारी दर के मामले में राज्य की बड़ी सफलता को दर्शाता है.गौरतलब है कि राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन द्वारा पीएलएफएस के लिए नमूना सर्वेक्षण और डेटा संग्रह का कार्य किया जाता है. जो कि भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आता है.मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में, छत्तीसगढ़ सरकार ने बेरोजगारी को कम करने और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं. सरकार ने हाल ही में पुलिस, स्वास्थ्य, पीएचई (सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) और पंचायत विभागों में 1,068 पदों पर भर्ती को मंजूरी दी है. इन भर्तियों से राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरियों में अवसर मिलेंगे, जिससे राज्य की विभिन्न योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में भी मदद मिलेगी. मुख्यमंत्री साय ने इस बात पर जोर दिया है कि यह पहल राज्य के विकास को गति देने के साथ-साथ युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगी. छत्तीसगढ़ सरकार ने खासतौर पर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में




रोजगार के अवसर सृजित करने पर ध्यान केंद्रित किया है. सरकार ने स्वरोजगार और कौशल विकास को प्रोत्साहन देने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं, ताकि गांव के युवाओं को अपने ही इलाके में काम करने का अवसर मिल सके और उन्हें महानगरों की ओर पलायन न करना पड़े.पीएलएफएस की रिपोर्ट ने देश भर के विभिन्न राज्यों में बेरोजगारी के आंकड़ों का भी खुलासा किया है. इस रिपोर्ट के अनुसार, केरल में बेरोजगारी दर सबसे अधिक रही, जहां 15-29 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं में बेरोजगारी दर 29.9प्रतिशत दर्ज की गई. केरल में महिलाओं में बेरोजगारी दर 47.1 प्रतिशत और पुरुषों में 19.3 प्रतिशत रही. इसके अलावा, लक्षद्वीप में बेरोजगारी दर सबसे अधिक 36.2 प्रतिशत दर्ज की गई, जिसके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में यह दर 33.6प्रतिशत रही.

इसके विपरीत, छत्तीसगढ़ ने देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में पांचवां स्थान प्राप्त किया है, जो राज्य सरकार की रोजगार सृजन नीतियों की सफलता का प्रतीक है. छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा और कौशल विकास को रोजगार सृजन के महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में माना है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल प्रदान करने के लिए विशेष प्रयास करें, जिससे वे नए उद्योगों में काम करने के लिए तैयार हो सकें. राज्य में कई कौशल विकास केंद्र खोले गए हैं, जहां युवाओं को आधुनिक तकनीकों और कौशलों की शिक्षा दी जा रही है, ताकि वे रोजगार के नए अवसरों का लाभ उठा सकें. छत्तीसगढ़ राज्य, जो कि पहले से ही अपने प्राकृतिक संसाधनों और सांस्कृतिक धरोहर के लिए प्रसिद्ध है, अब रोजगार सृजन और विकास के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है. राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को भी साकार कर रहे हैं. स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के जरिए सरकार ने राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने की दिशा में कदम बढ़ाया है. प्रधानमंत्री मोदी ने जिस प्रकार देश के हर कोने में विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है, छत्तीसगढ़ सरकार उसी दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रही है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दिशा में प्रदेश के प्रत्येक गांव में रोजगार सृजन की योजनाओं का विस्तार करने का संकल्प लिया है, ताकि राज्य का हर युवा आत्मनिर्भर बन सके और राज्य का विकास तेज़ी से हो सके.

# वनविभाग के श्रमायुक्त दर वन कर्मचारियों का प्रदेश स्तरीय, रायपुर में 6 अक्टूबर को बैठक

**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ से पृथक होकर एवं 11 अगस्त से जारी दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के अनिश्चितकालीन हड़ताल से दूर रहकर अलग से श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ के नाम से श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ के नाम से नया संगठन तैयार किया गया है। जिसकी पंजीकरण एवं कार्यकारिणी का गठन और विस्तार करने के उद्देश्य से आगामी 06 अक्टूबर दिन रविवार को राजधानी रायपुर में विशेष बैठक रखी गई है। बैठक सुबह 11बजे शुभारंभ होगी। बैठक में शामिल सभी श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी अपनी अपनी अनुभव साझा करेंगे। बैठक में सभी सदस्यों की बात एवं सुझाव ध्यान से सुनी जाएगी। और सुझावों पर प्राथमिकता से अमल किया जाएगा। श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ के पंजीकरण के लिए अविलंब प्रयास किया जाएगा। संघ के प्रदेश पदाधिकारी हारुन मानिकपुरी ने बताया कि श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ अपनी एक सुत्रीय मांग सिर्फ स्थाईकरण को लेकर आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से लगातार श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी साथियों से मिल रहे सुझाव के मद्देनजर बहुत कम राशि निर्धारित किया जाएगा एवं उक्त राशि जमा करने वाले भाई बहनों को आजीवन सदस्य बनाया जाएगा जिन्हें बाद में कभी भी सदस्य शुल्क नहीं देना पड़ेगा। हारुन मानिकपुरी ने बताया कि श्रमायुक्त दर पर वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की सुविधा के लिए मोबाइल नंबर जारी किया गया है। जो इस प्रकार है। (1) 8461832405 (2)9630124373 (3) 8120281409 (4) 8839135059 में संपर्क कर प्रथम प्रदेश, संभाग, जिला एवं परिक्षेत्र पदाधिकारी बनने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। और बैठक स्थल की जानकारी बाद बैठक तिथि के पूर्व दे दी जाएगी।

# पुलिस की गुंडागर्दी...

## नाबालिक युवक को बेसुद होते तक थाने में पीटा..

### बेहोशी की हालत में थाने के बाहर परिजनों को युवक मिला...



### भाजपा शासन काल मे पुलिस को मिली खुली छूट

**राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हाल ही में कवर्धा के लोहारिडीह मामले से भी नही ले पाई पुलिस सबक। जिले के छुरिया थाने में प्रेम प्रसंग के चलते एक नाबालिक जोड़े को 112 वाहन के माध्यम से थाने लाया गया, लोक-लाज के भय से युवती के परिजनों ने रिपोर्ट लिखाने से मना कर दिया। पुलिस द्वारा युवती के परिजनों से लिखित पत्र के आधार पर नाबालिक युवती को परिजनों को सौप दिया। वही नाबालिक युवक को थाने में ही रात 12 बजे तक पीटा गया। युवक की इस कदर पिटाई की गई, कि युवक थाने के बाहर बेहोश होकर गिर पड़ा, थाना कैंपस से ही आईटीबीपी के एक जवान ने किसी तरह अपने फोन से युवक के परिजनों को युवक के हालत की जानकारी दी, देर रात थाने के बाहर से युवक को बेहोशी के हालत में परिजनों ने दुर्ग के जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती करवाया।जीवन और मृत्यु की जंग लड़ रहे युवक को 14 घण्टे बाद होश आया। परिजन मामले में जिन पुलिस वालों द्वारा नाबालिक युवक पर बर्बता दिखाई उनके खिलाफ कार्यवाही चाह रहे है।

# शुभांगी गुप्ता ने डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदभार किया ग्रहण...

**मोहला-मानपुर (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2022 बैच की शुभांगी गुप्ता ने नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में




डिप्टी कलेक्टर पद का पदभार ग्रहण किया है। आपको बता दे की शुभांगी गुप्ता सीजीपीएससी 2022 में 5वा रैंक प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर के पद में चयनित हुई। इससे पहले इनका चयन संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा ष्स्त्रह्य में भी हुआ था। शुभांगी गुप्ता ने अपनी शिक्षा बीटेक कंप्यूटर साइंस में किया है। वे रायपुर में रहकर अपनी उच्च शिक्षा पूर्ण की। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले की रहने वाली शुभांगी गुप्ता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अंबिकापुर में कार्मेल स्कूल से पूर्ण किया। उनके पिताजी हरिनारायण गुप्ता अंबिकापुर में निजी क्षेत्र में व्यवसायिक कार्य करते हैं।

# प्राकृतिक आपदा पर 4 लाख की राशि परिजनों को अनुदान स्वरूप मिलना तय...

## सीएम की घोषणा 4 लाख मुआवजा समझ से परे..

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वैसे तो किसी भी प्राकृतिक आपदा से मौत होने पर मृतक के परिजनों को प्रशासन द्वारा अनुदान स्वरूप 4 लाख की राशि देने का प्रावधान है। 2 दिन पहले आकाशीय बिजली गिरने से दो अलग-अलग स्थानों में कुल 9 लोगो की मौत हुई थी, जिसमे 5 स्कूली छात्र थे और 4 वयस्क पुरुष थे। घटना वाले ही दिन सोशल मीडिया में यह खबर पढ़ने और लोगों की जुबानी सुनने मिला कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर अपनी स्वेदना प्रकट की और मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये मुआवजा तत्काल देने के निर्देश प्रशासन को दिए। अब यहां यह बात समझ मे नही आ रही है, कि प्राकृतिक आपदा में अनुदान 4 लाख रुपये दिए जाते है, उसके अतिरिक्त मुख्यमंत्रीजी 4 लाख बतौर मुआवजा दे रहे है, या फिर वही राशि है, जो शासन-प्रशासन ने पहले ही प्राकृतिक आपदा के लिए अनुदान स्वरूप तय किया हुआ है। दिन पहले आकाशीय बिजली गिरने से कुल 9 लोगों की मौत दो अलग-अलग क्षेत्र में हुई थी, जिसमे कल ग्राम मनगट्टा में 4 बच्चों को संस्कार कार्यक्रम किया गया, क्षेत्र में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जी भी अपनी संवेदना प्रकट करने पहुंचे थे, शायद माननीय पूर्व सांसद महोदय को उनके सलाहकारों द्वारा जानकारी नही दी गई थी, मीडिया से बात करते समय सासंद जी ने 8 बच्चों कि मौत का ज़िक्र किया, जबकि मुक्तिधाम में 3 बच्चों का दाहसंस्कार किया गया और एक बच्चे को मिट्टी दी गई। घटना में कुल 9 लोगों की मौत हुई थी। जसमें 5 बच्चें और 4 वयस्क व्यक्ति थे।



### आकाशीय बिजली गिरने पर हुई थी 9 लोगों की मौत...

# नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे से देश सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनेगा - अभिषेक सिंह

## 9 सदस्यता अभियान पर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया अभिषेक सिंह ने और कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ देश के प्रति नकारात्मक फैलाई



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मोर बूथ मोर अभियान के तहत आज पूर्व सांसद अभिषेक सिंह राजनांदगांव के विधानसभा के बूथ 179 पारीखुर्द में पहुंचकर सदस्यता अभियान के तहत ग्रामवासियों को भाजपा की सदस्यता दिलवाई,और कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण क्षेत्र में भी भाजपा की स्थिति मजबूत हो रही है.।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमरीका प्रवास का विशेष जिक्र करते हुए कहा कि मोदी जी ने इस दौरे से अमेरिका व भारत विरोधियों को कड़ा सन्देश दिया है। श्री सिंह ने कहा कि न्यूयॉर्क में 25 हजार भारतीय जन समूह को सम्बोधित करके अमेरिका व उसके पिट्ठूओं एवं पुरी दुनिया को मोदी जी ने दिया करारा जवाव दे दिया है कि अब भारत बदला हुआ भारत है, भारत किसी के दवाव में आकर कार्य करने वाला नही है,अब भारत किसी के पीछे चलने वाला भारत नही है, ये बदला हुआ भारत है, अब नई व्यवस्था बनाता है, अब भारत नेतृत्व कर रहा है और नेतृत्व करेगा,पहले भारत समान दूरी के आधार पर चलता था और अब भारत सबसे सामान नजदीकी के आधार पर आगे बढ़ रहा है।आज का भारत किसी के दिशा निर्देशों पर चलने वाला नहीं है स्वयं अपने मापदंड निर्धारित कर आगे बढ़ रहा है। हमें किन से मिलना है किन से नहीं मिलना यह हम स्वयं तय करेंगे।राष्ट्रहित हमारे लिए सर्वोपरि है उसके लिए जो आवश्यक है वह सब करेंगे। पिछले 10 सालों में हमारी नीतियों के कारण इतने सारे बड़े बदलाव संभव हो पाए। अब भारत अवसरों का इंतजार नहीं करता, अब भारत अवसर निर्माण करता है। श्री अभिषेक सिंह ने मोदी सरकार की नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक दशक में 25 करोड लोगों को गरीबों की रेखा से सबको अवसर दिलाकर बाहर निकाला है। श्री सिंह ने कहा कि पिछले दौरे में राहुल गांधी ने अमेरिका में बयान दिया था की भारत में 90ल लोगो अवसर प्रदान नही किये जा रहे है, इसलिए में राजनैतिक नेता होने के कारण भारत में रहना ही नही चाहता? राहुल गाँधी ने भारतियों को क्षेत्रवाद, भाषा वाद, सम्प्रदाय आदि के आधार पर बाटने का बयान दिया था, सरदारों के पगड़ी, कड़े आदि पर भी उन्होंने अनर्गल टिप्पणी की थी, लेकिन नरेंद्र मोदी ने सभी भारतियों को राष्ट्रीय दूत और 140 करोड़ भारतियोंको एक सूत्र में पिरोने का बयान दिया, सभी से भारत माता की जय बुलवाई। अमेरिका की फुट डालों राजकरों की नीति को फेल किया। अमेरिका की डिप स्टेट को भारत के चुनावों को लेकर स्पष्ट संदेश दे दिया है भारत में 140 करोड़ भारतीयों का लोकतंत्र है, बड़ी कुशलता व शांति के साथ मतदान हुआ और भारतीय जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुना है जो 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास का परिणाम है। अभिषेक सिंह ने बताया की मोदी जी ने स्पष्ट तौर पर अमरीका में कहा कि दुनिया में शांति स्थापित करनी है तो ह्व जैसी संस्थाओं में सुधार करने की आवश्यकता है, जो रूस उक्रेन जैसे युद्धों को रोकने में नाकामयाब रही है। मोदी जी के इस दौरे से पूरी दुनिया प्रभावित है और अभिषेक सिंह ने आश्वस्त होते हुए कहा कि भारत को आने वाले समय में बहुत बड़े लक्ष्य साधने है जिनके द्वारा भारत एक सशक्त आत्मनिर्भर सुरक्षित राष्ट्र बनेगा।सदस्यता अभियान के अवसर पर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, महामंत्री मनोज साहू, पारी खुर्द के सरपंच बुद्धेश्वर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे.।



nandgaon times sep--26-03.qxd 9/25/2024 11:56 PM Page 2



# स्वच्छता पखवाड़ा में स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के लिये हर वर्ग में उत्साह



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छता पखवाडा के तहत नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में आम नागरिकों के अलावा विद्यार्थी एवं समाजिक संस्था स्व स्फूर्थ हो कर जुड रहे है और स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता को चरितार्थ करने स्वच्छता अभियान में सहभागी बन स्वच्छता अपनाने शपथ ले रहे है। इसी कडी में आज शहर की सेवाभावी संस्था पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के पदाधिकारियो ने निगम द्वारा मॉ पाताल भैरवी मंदिर में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान से जुड मंदिर परिसर में साफसफाई किये।

### पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था ने मॉ पाताल भैरवी मंदिर परिसर की किये सफाई

स्वच्छता पखवाडा अंतर्गत प्रतिदिन चलने वाले स्वच्छता अभियान में निगम के अलावा नागरिक, समाजिक संस्था एवं विद्यार्थी स्व स्फूर्थ होकर अपनी सहभागिता निभा रहे है, और शहर के सार्वजनिक स्थलों में साफसफाई कर स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक कर रहे है। आज मॉ पाताल भैरवी मंदिर परिसर के स्वच्छता अभियान में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में श्रम दान कर साफसफाई कर झिल्ली पन्नी कचरा उठाये।समिति के अध्यक्ष श्री मयंक शर्मा ने अभियान में कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, स्वच्छता अभियान के प्रणेता महात्मा गांधी जी थे, उन्हीं की याद में उनकी जयंती तक स्वच्छता पखवाडा चलाया जाता है, उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षो से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे लोग स्व स्फूर्थ होकर जुड रहे है और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी आ रही है। हमारी संस्था सार्वजनिक स्थलों, तालाबों के किनारे, उद्यानों में सफाई अभियान चलाती है। उन्होंने सभी को स्वच्छता अभियान से जुडने का आग्रह किया। श्रमदान में आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता अभियान का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना एवं उनमें स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सहभागिता के बिना नगर पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं साफ नहीं हो सकता और न ही हम स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। उन्होंने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुये कहा कि अपने अपने घर व प्रतिष्ठान के आस पास साफसफाई रखे, कचरा डस्टबीन में डाले, सुखा एवं गीला कचरा अलग अलग रखे, कचरा नाली में न डाले एवं अपने शहर को स्वच्छ व साफ रखने स्वच्छता अभियान से जुडे और लोगों को भी जोडे। स्वच्छता अभियान में पर्यावरण संरक्षक गतिविधि के संयोजक श्री निकुंज सिंघल सहित पदाधिकारी सर्वश्री सूरज गुप्ता, विनय साहू, राकेश साहू, मनीष यादव, सौरभ खण्डेलवाल, सागर अग्रवाल, श्रीमती मौसमी शर्मा व श्रीमती ममता शर्मा के अलावा वरिषठ पार्षद श्री शिव वर्मा व वार्ड पार्षद श्री गगन आईच, निगम के स्वच्छता के नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके तथा सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा 125 प्रकरण निष्पादित

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला उपभोक्ता आयोग, राजनांदगाँव द्वारा नये अध्यक्ष श्री प्रशान्त कुन्डू द्वारा पदभार ग्रहण करने के पश्चात् राजनांदगाँव उपभोक्ता आयोग में 03 दिवसीय लिंक कोर्ट के माध्यम से प्रकरणों को निष्पादित किये जा रहें है। माह सितम्बर में अध्यक्ष श्री प्रशानत कुन्डू महोदय के मार्गदर्शन दिशा निर्देश पर सभी कर्मचारियों एवं सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस के सहयोग से दिनांक 23.09024 से 25.09.24 तीन दिवस में ही 125 प्रकरणों का निराकरण कर छ0म0 के सभी आयोगो में रिकार्ड स्थापित किया है। अध्यक्ष श्री प्रशान्त कुन्डू जी के कुशल मार्गदर्शन में राजनांदगाँव आयोग, में स्थित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जावेगा। माननीय राज्य आयोग के आदेशानुसार राज्य में स्थित सभी आयोगो में लंबित प्रकरणों की संख्या कम से कम किये जाने के प्रयास में एक अग्रणीय कदम राजनांदगाँव आयोग द्वारा संपन्न किया गया। अध्यक्ष श्री प्रशान्त कुन्डू के त्वरित कार्यवाही से जिले के अधिवक्ताओं ने प्रशन्नता जाहिर की है. इससे राजनांदगाव जिले के जनमानस द्वारा अपने प्रकरणों के त्वरित निराकरण होने से आयोग के निर्णयों पर विश्वास भी बढ़ता जा रहा है। अध्यक्ष श्री प्रशान्त कुन्डू ने अधिवक्ताओं से अपील की कि वें अपने-अपने प्रकरणों में समस्त दस्तावेज शपथ पत्र के साथ ही प्रस्तुत कर देवें तथा प्रकरणों को लंबित करने हेतु अनावश्यक आवेदन देने की प्रथा समाप्त की जावे। प्रकरणों के शीघ्र निराकरण को देखते हुए उपभोक्ताओं द्वारा अध्यक्ष महोदय को अधिक समय तक राजनांदगाँव आयोग में बैठाने हेतु उचित कार्यवाही की मांग की गयी। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष द्वारा अपने विचार व्यक्त किये कि उपभोक्ता अयोग राजनांदगाँव को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाने का पूर्ण प्रयास किया जायेगा। उपरोक्त जानकारी उपभोक्ता आयोग के सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस द्वारा दी गयी।



## अतुल रायजादा बने शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, शहर में खुशी की लहर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विजय शर्मा उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री जिला राजनांदगांव के अनुमोदनानुसार 25 सितंबर 2024 को शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद पर अतुल रायजादा नगर पालिक निगम के पूर्व पार्षद एवं उत्तर मंडल के अध्यक्ष को बनाया गया है। श्री रायजादा को शासकीय महाविद्यालयों में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सहित भाजपा के कार्यकर्ता उनके इष्ट मित्रों ने बधाई दी है। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के नए अध्यक्ष के रूप में अतुल रायजादा की नियुक्ति पर पूरे शहर में उत्साह और खुशी का माहौल है। अतुल रायजादा, जो पूर्व में नगर निगम के पार्षद एवं अध्यक्ष रह चुके हैं, और वर्तमान में भाजपा उत्तर मंडल के अध्यक्ष भी हैं, अब इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाएंगे। इस अवसर पर अतुल रायजादा ने विशेष रूप से यह भी कहा-जिस कॉलेज में मैंने अपनी पढ़ाई पूरी की, आज उसी कॉलेज में अध्यक्ष बनना मेरे लिए गर्व की बात है। मेरा हमेशा प्रयास रहेगा कि महाविद्यालय के हित में और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर काम करूं। श्री रायजादा के अध्यक्ष बनने की खबर सुनते ही न केवल उनके समाज में, बल्कि पूरे शहर में लोगों ने खुशी जाहिर की। अतुल रायजादा ने महाविद्यालय के विकास और छात्रों की शैक्षिक उन्नति के लिए हर संभव कदम उठाने का आश्वासन दिया। उनकी इस नई जिम्मेदारी से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय और शहर को एक नई दिशा और प्रगति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।




**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I TERESH GANJBOIR S/O DASHRATH LAL GANJBOIR resident of GOURINAGAR DISTRICT-RAJNANDGAON PIN - 491441 (C.G.) has changed my old name TERESH GANJBOIR S/O DASHRATH LAL GANJBOIR so in future I should be recognized by my new name that is TERESH KUMAR GANJBOIR S/O DASHRATH LAL GANJBOIR in all Government, and other documents.

TERESH KUMAR GANJBOIR
GOURINAGAR
DISTRICT-RAJNANDGAON
PIN - 491441 (C.G.)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तेरेश गंजबोईर पिता दशरथ लाल गंजबोईर निवासी गौरी नगर जिला-राजनांदगांव पिन-491441 (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम तेरेश गंजबोईर पिता दशरथ लाल गंजबोईर को त्याग कर अपना नया नाम तेरेश कुमार गंजबोईर पिता दशरथ लाल गंजबोईर रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नाम तेरेश कुमार गंजबोईर पिता दशरथ लाल गंजबोईर से ही जाना पहचाना जावे जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

तेरेश कुमार गंजबोईर
पिता दशरथ लाल गंजबोईर निवासी
गौरी नगर जिला-राजनांदगांव
पिन-491441 (छ.ग.)


# 18 एकड़ एसएलआरएम सेन्टर का कलेक्टर अग्रवाल एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरूचि सिंह ने किया निरीक्षण



### सेन्टर की गतिविधियों की कलेक्टर ने की सराहना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस लाईन 18 एकड स्थित एसएलआरएम सेन्टर का आज कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह के साथ निरीक्षण कर सेन्टर की गतिविधियों के संबंध में आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता से जानकारी लेकर स्वच्छता दीदीयों से रूबरू हुये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर सेन्टर सुपरवाईजर एवं स्वच्छता दीदीयों से रूबरू हो सेन्टर की गतिविधियो में घर घर कचरा संग्रहण की जानकारी के साथ साथ कचरा संग्रहण के घरो की संख्या, यूजर चार्ज की वसूली, सेन्टर में कचरा पृथककरण एवं खाद बनाने की स्थिति के बारे में पूछा। सेन्टर सुपरवाईजर ने जानकारी दी कि इस सेन्टर में दो वार्ड 18 व 19 नम्बर वार्ड का कचरा संग्रहण किया जाता है, जिसमें लगभग 15 सौ घर है, जिससे प्रतिदिन कचरा संग्रहण स्वच्छता दीदीयों द्वारा किया जाता है, गिला कचरा को कम्पोस्ट पीठ में डालकर खाद बनाया जाता है तथा सूखा कचरा झिल्ली, पन्नी पुठ्ठा, प्लास्टिक आदि का बंडल बनाकर रखा जाता है और उसे माह में बेचा जाता है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रतिदिन निर्धारित समय तक कचरा संग्रहण कर, कचरे को सोर्स पर ही पृथक करे और सतप्रतिशत युजर चार्ज की वसूली करे तथा आय बढ़ाने कार्य करे। साथ ही नागरिकों को घर से ही कचरा अलग अलग कर देने समझाईस देवे। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने कबाड से जुगाड तथा डब्बा, प्लास्टिक बाटल आदि अनुपयोगी वस्तुओं से बनाये कलाकृति देख प्रसन्नता जाहिर किये और सेन्टर को साफसुथरा व व्यवस्थित रखने पर सराहना की। आयुक्त श्री गुप्ता ने कलेक्टर महोदय को जानकारी दिये कि निगम सीमाक्षेत्र में 17 एसएलआरएम सेन्टर है, जहॉ आस पास के



वार्डो का कचरा संग्रहित कर पृथककरण किया जाता है, ज्यादा कचरा एवं शहर के अन्य कचरा को नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड भेजते है, जहॉ कचरा छटनी कर गिला कचरा को कम्पोस्ट मशीन से खाद बनाया जाता है और उसका विक्रय किया जाता है। इसी प्रकार सुखा कचरा का बंडल बांधकर उसे सीमेंट फैक्ट्री में विक्रय किया जाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके सहित तकनीकि अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# हरिजन सेवक संघ का 92 वाँ स्थापना दिवस समारोह पर सद्भावना सम्मेलनन सम्मेलन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 24 सितम्बर को हरिजन सेवक संघ द्वारा आयोजित 92 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सद्भावना सम्मेलन में अपने पावन आशीष प्रदान करते हुए सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने फरमाया च्च् मानव सही मायनों में तभी मानव बनता है अगर वो हर भेद भाव से ऊपर उठकर सब में परमात्मा का रूप देखकर निष्काम भाव से सबकी सेवा करेंज्। इस अवसर पर हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार सान्याल व उप प्रधान श्री नरेश यादव ने सतगुरू माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी का अंग वस्त्र और सूती दुपट्टा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया।देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा स्थापित इस धरोहर के स्थापना दिवस पर उन्हीं की प्रेरणा का संकेत, एक चरखे का लघु स्मृतिचिन्ह भी सेवक संघ की ओर से सतगुरू माता जी के प्रति समर्पित किया। इस अवसर पर जहाँ हरिजन सेवक संघ के छात्रों ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना का गायन किया वहीं निरंकारी इंस्टिट्युट ऑफम्युजिक एंड आर्ट के बच्चों द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन च्च् वैष्णव जनज्ज् के अतिरिक्त अन्य भक्ति गीतों का मधुर गायन भी हुआ। संघ के अध्यक्ष ने गाँधी जी और



कस्तूरबा के मार्ग दर्शन का जिक्र करते हुए जहाँ एक ओर संघ के उपक्रमों का ज़िक किया वहीं दूसरी ओर संत निरंकारी मिशन की विचारधारा के अनुपालन से च्चवसुधैव कुटुम्बकम्ज्ज् की संभावना व्यक्त करते हुए सतगुरू माता जी का धन्यवाद किया उन्होंने निरंकारी मिशन के सामाजिक उत्थान के अविरल प्रयासों की भूरि-भूरि प्रसंशा करी। इस अवसर पर निरंकारी राजपिता जी ने भी आशीर्वाद देते हुए कहा कि सतगुरू से परमात्मा की प्राप्ति के बाद मनुष्य सब के दर्द को अपना दर्द समझकर महसूस करता है। और इसी भाव से अंहकार रहित सेवा को प्राप्त होता है। कार्यक्रम के अंत में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेंशन के सचिव श्री जोंगिदर सुखीजा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए हरिजन सेवक संघ के समस्त भारत से सम्मिलित हुए सदस्यों व विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद किया और उन्हें नवम्बर में आयोजित होने वाले 77 वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के लिए भी आमंत्रित किया। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

## राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा दी गई सलाह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा भूस्खलन के बचाव हेतु दिशा-निर्देश क्या करें, क्या न करें तैयार किया गया है। इन निर्देशों के परिपालन में भूस्खलन में क्या करें अंतर्गत मौसम विभाग या समाचार चैनल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पहाड़ी क्षेत्र की यात्रा की तैयारी करें। समय बर्बाद किए बिना भूस्खलन पथ या नीचे की ओर की घाटियों से जल्दी से दूर चले जाएं। नालियों को साफ रखें, नालियों का निरीक्षण करें-कूड़ा, पत्ते, प्लास्टिक की थैलियां, मलबा आदि। अधिक पेड़ लगाएं जो जड़ों के माध्यम से मिट्टी को पकड़ सकें। चट्टानों के गिरने और इमारतों के धंसने, दरारों के क्षेत्रों की पहचान करें, जो भूस्खलन का संकेत देते है, ऐसी स्थिति में सुरक्षित क्षेत्रों में चले जाएं। यहां तक कि नदी का गंदा पानी भी भूस्खलन का संकेत देता है। ऐसे संकेतों को नोटिस करें और निकटतम तहसील या जिला मुख्यालय से संपर्क करें। सुनिश्चित करें कि ढलान का निचला हिस्सा कटा हुआ न हो, सुरक्षित रहे, जब तक कि फिर से वनस्पति लगाने की योजना न हो, पेड़ों को न उखाड़े। असामान्य आवाजों जैसे पेड़ों के टूटने या पत्थरों के आपस में टकराने की आवाज सुनें। भूस्खलन के प्रभाव या प्रभाव की संभावना के दौरान सतर्क, सजग और सक्रिय रहें। आश्रयों का पता लगाएं और वहां जाएं। अपने परिवार और साथी के साथ रहने की कोशिश करें।

**शुभांक**
2 -7-8
247-3 248-4

**भाग्यांक**
568-9 578-0

# जिले के अति गंभीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित श्रेणी के बच्चों को 2 अक्टूबर से मिलेगा सर्वाधिक पौष्टिक आहार

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एस जयवर्धन के विशेष प्रयासों से छत्तीसगढ़ राज्य में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के तीनों विकासखंड मोहला, मानपुर एवं अंबागढ़ चौकी के अति गंभीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित श्रेणी के कुपोषित बच्चों को 2 अक्टूबर 2024 से विशेष पौष्टिक आहार संवर्धित टी एच आर प्रदान किया जाएगा। उक्त पौष्टिक आहार इन बच्चों को प्राप्त हो रहे रेडी टू ईट फूड के अतिरिक्त प्रदाय किया जाएगा। इस संवर्धित पौष्टिक आहार में गेहूं का आटा, चना, सूरजमुखी तेल फोर्टीफाईड, शक्कर, दूध पाउडर, मूंगफली, रागीखाद्य पदार्थ का मिश्रण है। जो कुपोषित बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होगा। यह संवर्धित टी एच आर 6 माह से 1 वर्ष तक कुपोषित बच्चों को प्रतिदिन 100 ग्राम के मान से प्रत्येक प्रत्येक सप्ताह 600 ग्राम का एक




पैकेट एवं 1 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों को प्रतिदिन 150 ग्राम के मान से 1 किलोग्राम का एक पैकेट आंगनबाड़ी केंद्रों में उनकी माताओं को प्रदान किया जाएगा। साथ ही विटामिन, प्रोटीन, माइक्रोन्यूट्रींस से भरपूर मेडिसिन किट भी प्रदाय किया जाएगा। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के संबंधित पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। वे फील्ड में इन बच्चों के माताओं को संवर्धित पौष्टिक आहार एवं मेडिसिन किट के उपयोग के बारे में प्रशिक्षित करेंगे। यह संवर्धित टी एच आर यूनिसेफ, एबीस ग्रुप, छत्तीसगढ़ राज्य बीज विकास निगम के सहयोग से प्रति माह प्रदाय किया जाएगा। इस पौष्टिक आहार के नियमित सेवन से निश्चित रूप से जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी आएगी।

# ड्राईंग ग्रेड परीक्षा स्थानीय स्टेट हाई स्कूल राजनांदगांव में आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डायरेक्ट्रेट ऑफ आर्ट मुंबई के निर्देशन में दिनांक 25-9-2024 से 28-9-2024 तक ड्राईंग ग्रेड परीक्षा स्थानीय स्टेट हाई स्कूल राजनांदगांव में आयोजित है। यह परीक्षा प्रतिवर्ष सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में पूरे भारत में कुल 971 केन्द्रों में आयोजित हो रही है। इस परीक्षा के माध्यम से परीक्षार्थी एलिमेंटरी ग्रेड परीक्षा एवं ईंटरमिडियेट ग्रेड परीक्षा देते है। परीक्षार्थी को कुल चार प्रश्नपत्र यथा स्टील लाईफ मेमोरी ड्राईंग, डिजाइन एवं ज्यामेट्री विषय पर प्रश्न हल करने होते है। विदित हो स्टेट हाई स्कूल का परीक्षा केन्द्र छ.ग. राज्य का एक मात्र परीक्षा केन्द्र है जहाँ से परीक्षार्थी शामिल होते है, यह केन्द्र लगभग 75 वर्षो से संचालित है। जिसमें पूरे राज्य के कलाकेन्द्रों के माध्यम से परीक्षार्थी शामिल किए जाते है। इस वर्ष दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव, एफए.सी.ई. भिलाई,नूतन कला संगम रायपुर, ताम्रकार ड्राईंग दुर्ग, विनायक फाइल आर्ट राजनांदगांव, यामिनी कला केन्द्र राजनांदगांव एवं कवर्धा ड्राईंग क्लासेस के माध्यम से कुल 142 परीक्षार्थी शामिल होगें। इस वर्ष सर्वाधिक परीक्षार्थी शामिल करने वाला केन्द्र यामिनी कला केन्द्र राजनांदगावं के संचालक श्री रीतेश देवांगन को केन्द्राध्यक्ष श्री एस.एस.पट्टा ने बधाई दी एवं शुभकामनाओं के साथ-साथ सभी को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परीक्षा उपरांत प्राप्त होने वाला प्रमाण पत्र ग्रेडींग प्रणाली से प्राप्त होता है,जो कि शासकीय अशासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थानों में रोजगार देने में सहायक होता है। मानचित्रकार एवं ड्राईंग शिक्षक के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। अतः प्राचार्य श्री एस.एस.पट्टा ने सभी परीक्षार्थी को परीक्षा में सफल होने हेतु शुभकामनांए दी। उक्ताशय की जानकारी शाला के प्रभारी ड्राईंग शिक्षक सुनील भागवत ने दी।



nandgaon times sep--26-03.qxd 9/25/2024 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) किसके द्वारा भक्ति आंदोलन को दक्षिण भारत से उत्तर भारत में लाया गया था?*

*2) किस महाद्वीप से विषुवत्त , कर्क तथा मकर रेखा होकर गुजरती है?*

*3) मूल संविधान में अनुसूचियों की संख्या कितनी है? (8 / 9 / 10)*

*4) मनुष्य में लगभग कितने प्रकार के अवशेषी अंग पाए जाते है?*

*5) जब भारतीय न्यायिक पद्धति में लोकहित का मुकदमा लाया गया था, उस समय सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) रामानन्द (2) अफ्रीका (3) 8 (4) 100 (5) पी एन भगवती

## फेडरेशन के आह्वान पर 27 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगांव के प्रशासनिक भवन में बैठक का आयोजन किया गया। लेकर रहिबो-लेकर रहिबो, मोदी की गारंटी लेकर रहिबो, अब नई सहिबो-अब नई सहिबो, मोदी की गारंटी लेकर रहिबो के नारे के साथ छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन, राजनांदगांव द्वारा चार सूत्रीय मांगों के लिए 27 सितंबर को एक दिवसीय सामूहिक धरना प्रदर्शन का आयोजन करने की रणनीति बनी। इस बैठक में पदाधिकारियों में मुख्य रूप से डा. केएल टांडेकर, सतीश ब्यौहरे, पीआर झाड़े, संतोष चौहान, उत्तम फंदियाल, हरीश भाटिया, अरुण देवांगन, रामनारायण बघेल, कौशल शर्मा, वीरेंद्र रंगारी, आनंद श्रीवास्तव, रमेश कुमार साहू, पुष्पेन्द्र साहू, अमरीश प्रजापति, तामेश, तेजभान सिंह बंधे, विजय सिन्हा, खिलायशवंत नेताम, राजकुमार नागदेव, गजेंद्र उपस्थित रहे। फेडरेशन ने बताया कि जिले के हजारों कर्मचारी एवं अधिकारियों द्वारा 27 सितंबर 2024 दिन शुक्रवार समय प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे जिला कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया जावेगा। शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जावेगा। फेडरेशन ने चार स्तरीय झन कर इनकार-हमर सुनव सरकार आंदोलन का घोषणा किया था। प्रथम चरण में 6 अगस्त को इंद्रावती भवन से महानदी भवन तक मशाल रैली एवं प्रदर्शन,तृतीय चरण में 11 सितंबर को जिला-ब्लॉक-तहसीलों में मशाल रैली का आयोजन एवं चौथे चरण में 27 सितंबर को सामूहिक अवकाश लेकर जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन जाएगा, फेडरेशन ने कहा है कि मोदी की गारंटी भाजपा का घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता एरियर्स सहित 1 जनवरी 24 से महंगाई भत्ता में 4 प्रतिशत वृद्धि कर साथ 50 प्रतिशत डीए स्वीकृत करने, प्रदेश के कर्मचारियों को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में जमा किये जाने भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवकों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान देने, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता भाजपा घोषणा पत्र अनुसार अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन देने कामुद्दा शामिल है।

## निधन

**शिववती साहू**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम भोथीपार खुर्द पुराना पारा सरपंच दिव्या केशव हिरवानी के दादी शिववती साहू उम्र 85 वर्ष के निधन हो गया जिसका अंतिम संस्कार राजाराम कंपनी के पास मिट्टी दिया गया जिनका 3 पुत्र 1 पुत्री नाती नातिन शोक सभा श्रद्धांजलि योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य अशोक साहू पूर्व जनपद सदस्य दिललु साहु सरपंच ढोडिया लोकेश गंगवीर सरपंच धामनसरा भूषण निषाद सरपंच कुम्हालोरी उपसरपंच अशोक साहू गोपाल साहू पूर्व उपसरपंच पंचायत प्रतिनिधि समाजिक तथा ग्रामवासियों लोगों श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# राजनांदगांव और पंजाब के हॉकी खिलाड़ियों के बीच ऐतिहासिक संबंधों का मृणाल चौबे ने पंजाब मे किया जिक्र

### सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में पंजाब की टीमों की भागीदारी को बताया महत्वपूर्ण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पंजाब सरकार के द्वारा पंजाब प्रान्त में खिलाड़ियों के कौशल की पहचान करने व खेल समर्थक माहौल बनाने के उद्देश्य से खेल विभाग के द्वारा पंजाब खेल मेले च्खेडा वतन पंजाब दियांज् का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्यतिथि छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे पंजाब के पटिआला शहर मे हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच एवं पुरुस्कार वितरण समाहरोह मे सम्मिलित हुए। 14 से कम आयु वर्ग से लेकर 70 वर्ष तक के लोगों के लिए आयोजित की जा रही इस खेल प्रतियोगिताएं मे मुख्य अतिथि मृणाल ने पंजाब सरकार के इस पहल की सराहना करते हुए कहा की पंजाब खेलो के गढ़ के नाम से पुरे विश्व मे प्रसिद्ध है, इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभावान खिलाड़ियों की खोज करने के साथ वरिष्ठ खिलाड़ियों को स्वस्थ रखने एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों को मैदान से जोड़ने के कारण राज्य के उदयमान खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्राप्त होगा।

इस गरिमामय आयोजन मे उपस्थित अतिथियों को मृणाल ने अपने शहर राजनांदगाँव और पंजाब के खिलाड़ियों के बिच महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के माध्यम से बने मजबूत रिश्ते का जिक्र करते हुए कहा की राजनांदगाँव के इस विश्व प्रशिद्ध अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता मे पंजाब की प्रतिष्ठित टीमें भाग लेती है और राजनांदगाँव शहर के खेल प्रेमी जनता का अपार स्नेह एवं सराहना पंजाब के खिलाड़ियों को प्राप्त होता है। अपने उतबोधन मे मृणाल ने पंजाब के खिलाड़ियों का भारतीय हॉकी टीम के लिए दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा की यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करने के साथ साथ खेल मे राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम बनाने और राज्य के बच्चों से लेकर पंजाब की छिपी हुई खेल प्रतिभा को निखारने मे मददगार साबित होगी। साथ ही मृणाल ने देश मे हॉकी इंडिया के द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य की प्रशंशा करते हुए बताया की हॉकी इंडिया के मार्गदर्शन मे छत्तीसगढ़ हॉकी के द्वारा हॉकी के उत्थान के लिए किये गए कार्य से छत्तीसगढ़ राज्य के हॉकी खिलाड़ी भी नित नई उचाईयो एवं उपलब्धियों को प्राप्त कर रहे है।



पंजाब सरकार खेल विभाग के अधिकारियों के साथ मृणाल चौबे

# 22 पेड़ जिन्दगी के नाम



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 22 पेड़ जिन्दगी के नाम का अभियान हरियाली बहिनी द्वारा चलायी जा रही है इसका उद्देश्य एक व्यक्ति को अपनी जीवन काल में 14 आक्सीजन 8 फर्नीचर जलाऊ लकड़ी, देह संस्कार इत्यादि के लिए 22 पेड़ की आवश्यकता होती है। इसको देखते अभियान की आवश्यकता थी प्रारंभ में 150 लोगो को 22 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है वे स्वयं एवं लोगो को प्रेरित करते हुए 22 पेड़ बनते तक सतत मॉनिटरिंग करेंगे। हरियाली बहिनी अभियान के प्रमुख शिवकुमार देवांगन ने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 गाँधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित होगी। जहाँ पर 22 पेड़ बनाने की जिम्मेदारी लेते हुए आम का वृक्षारोपण करेंगे। पौधे का रोपण घर-बाड़ी, खेतो के मेढ़ एवं सुरक्षित स्थान पर करेंगे ताकि 20 हजार पेड़ बनाने की मुहिम को सफल बनाया जा सके। प्रारंभ में हरियाली बहिनी द्वारा लोगो को कम से कम 10 पेड़ लगाने प्रेरित किया गया इसके परिणाम स्वरूप लगभग 15 हजार पौधे लगाये गये वहीं तीज के अवसर पर भाई अपनी बहन के हाथो पौधे लगाने अभियान से 4 हजार पौधे लगाये गये। 20 पेड़ जिन्दगी के नाम अभियान से लगभग 3 हजार आम के पौधे लगाने गाँव-गाँव बैठक एवं सम्पर्क कर प्रेरित की जा रही है। इस अभियान में जुड़ने अपील की जा रही है। सम्पर्क मोबाइल नंबर 9301745406 से कर सकते हैं।

# दिग्विजय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग में अतिथि व्याख्यान एवं विभागीय परिषद का उद्घाटन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य एवं राजनीति विज्ञान विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान एवं विभागीय राजनीति विज्ञान परिषद का उद्घाटन किया गया। अतिथि व्याख्यान के लिए डॉक्टर अमृतेश शुक्ला सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग शासकीय इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई रहे जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में शक्ति संतुलन विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि शक्ति संतुलन अंतरराष्ट्रीय राजनीति का एक मूलभूत सिद्धांत है जिसके अंतर्गत शक्ति का संचय केवल एक ही राष्ट्र या कुछ ही राष्ट्रों तक सीमित ना हो जिससे अंतरराष्ट्रीय असंतुलन की स्थिति पैदा हो जाए इस हेतु शक्ति को संतुलित आवश्यक है। शक्ति संतुलन से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में स्थिरता आती है यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों की प्रकृति के अनुकूल है तथा इससे छोटे राज्यों की स्वतंत्रता सुरक्षित होती है व साम्राज्यवाद पर अंकुश लगता है।उक्त अवसर पर राजनीति विज्ञान स्नातकोत्तर परिषद का गठन किया गया।परिषद में गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न पदों पर मेधावी छात्रों का मनोनयन किया गया जिसमे उक्त आधार पर एम ए तृतीय स्मेस्टर की कु. कोयना श्रीवास को अध्यक्ष, एम ए प्रथम स्मेस्टर की कु. टिकेश्वरी देवांगन को उपाध्यक्ष, सहसचिव कु. प्रीति साहू, कोषाध्यक्ष अनमोल पाठक, आयोजन प्रभारी मे दामिनी देवांगन, पायल साहू, आयुषी पांडे, रोहन जैन, नीतू महालिंगे, प्रचार प्रसार में दिव्य साहू, चांदनी राजपूत, निलिमा, सोनल, शिक्षा मेश्राम. भूमिका नेताम् शामिल है. उक्त अवसर पर संस्था की प्राचार्य डा अंजना ठाकुर ने कहा कि राजनीति विज्ञान परिषद में शामिल सभी सदस्य वर्ष 2024-25 में होने वाली विभागीय गतिविधियों का संचालन करेंगे तथा अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा पूर्वक करेंगे.

# प्रेम सीमाओं में बांधता नहीं है प्रेम तो सीमाओं को तोड़ता है....

**बिहार/ ।** डेहरी ऑन सोन में चल रही भागवत कथा के दौरान परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने आज राधा कृष्ण और गोपियों की प्रेम कथा बताए , राधा का अर्थ बताते हुए परम पूज्य गुरुदेव यह बताएं कि किस तरह राधा रानी और गोपियों भगवान कृष्ण से प्रेम करते हैं और भगवान कृष्ण भी अलग-अलग रूप में राधा रानी से मिलने आते हैं आज हम जिसको प्रेम के नाम से परिभाषित करते हैं वह मोह से ग्रसित होता है, गुरुदेव प्रेम का अर्थ यह बताएं कि प्रेम मार्ग भी है प्रेम मंजिल भी है प्रेम से सबको प्राप्त किया जा सकता है सबको जोड़ा जा सकता है और प्रेम से सबसे जीत भी सकते है,एक-एक बूंद प्रेम से परमात्मा को भी प्राप्त किया जा सकता है जैसे एक -एक बूंद जल से समुद्र बन जाता है इस तरह एक-एक बूंद प्रेम से परमात्मा को प्राप्त कर सकते हैं प्रेम में ही परमात्मा प्रकट होते हैं द्रौपदी प्रेम से कृष्ण को याद करती है कृष्ण वस्त्र अवतार के रूप में प्रकट हो जाते हैं हम लोग जो भी व्यवहार करते हैं वह मोह है तो जब प्रेम में मोह आ जाए,दूरी बन जाती है, लोगों को समझ में नहीं आता अंतर किंतु परमात्मा को समझ में आता है प्रेम तो कोई कहीं भी रहे कहीं से भी किया जा सकता है रुक्मणी ने तो कृष्ण से मिली भी नहीं थी किंतु कृष्ण से प्रेम करती है,बिना पास रहे ही होता है और जब हो जाता है तो कभी समाप्त भी नहीं होता किंतु मोह जो है वह हमेशा पास रहने को कहता है ,रामायण में रावण ही मोह का प्रतीक है महाभारत में दुर्योधन को मोह कहा गया,मोह में एक गलती पर इतना बड़ा दंडित कर देगा कि जीवन भर बात नहीं करेगा किंतु वास्तविक जो ,प्रेम क्षणिक होता ही नहीं हमेशा बना रहेगा कभी कमजोर होगा भी नहीं हमेशा उतना ही रहेगा कभी कम भी नहीं है इसको प्रेम कहते हैं । दशरथ जी



प्रेम होगा वह अपनी प्रेमिका या अपने प्रेमी से हजारों गलतियों को क्षमा करके नजर अंदाज करके हमेशा उससे प्रेम ही करेगा आजकल जो प्रेम की परिभाषा चल रही है वह कुमार्ग की प्रेम है वह प्रेम नहीं है शरीर के प्रति आकर्षण चेहरा के प्रति सुंदरता के प्रति स्टाइल के प्रति अदाओं के प्रति आकर्षण को अब प्रेम कहते हैं वह प्रेम समाप्त हो जाता है कमजोर पड़ जाता है को मोह हो गया देवकी को वासुदेव जी को प्रेम के संग संग मोह हुआ गोपियों को वह भी हुआ राधा रानी को भी मोह हुआ इसलिए भगवान से प्रेम कम नहीं हुआ दूरी बन गई शरीर से दूरी बन गई प्रेम अपनी जगह पर यथावत बना रह गया ,लेकिन मोह आएगा वह दूरी बना देगा, वह घृणा पैदा करवा देता है, प्रेम अकारण होता है प्रेम का कोई कारण भी नहीं होता कि मैं तुम्हें इसलिए प्रेम करता हूं इसलिए तो होता ही नहीं ना कुछ कारण होता है प्रेम में ,इसलिए और कारण तो मोह में होता है प्रेम सीमाओं में बांधता नहीं है प्रेम तो सीमाओं को तोड़ता है और उन्मुक्त गगन में गुजरने को कहता है प्रेम तो हमेशा सार्थक होता है,प्रेम कभी गुमराह नहीं करता कभी भ्रमित नहीं है हमेशा सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, जो दूषित प्रेम होता है वह केवल कहा जाता है कि उनसे उनका प्रेम है उनसे उनका अफेयर है तो अटैचमेंट है और उसके बाद भी विवाह हो जाता है फिर विवाह की स्थिति देखते हैं। काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही अलग-अलग स्थान से लोग यूट्यूब पर भी कथा सुन रहे हैं।

## धर्म समाचार....

# पिंडदान और श्राद्ध-तर्पण के लिए प्रसिद्ध हैं ये 5 तीर्थ

**बिहार के गया, मध्यप्रदेश के उज्जैन और उत्तराखंड के ब्रह्मकपाल में पिंडदान करने से तृप्त होते हैं पितरअभी श्राद्ध पक्ष चल रहा है, पितरों के लिए पिंडदान, श्राद्ध और तर्पण करने का ये पर्व 2 अक्टूबर तक चलेगा। इन दिनों में घर के अलावा पितरों से जुड़े तीर्थों में भी पितरों के लिए धर्म-कर्म किए जाते हैं। देशभर में कई ऐसी जगहें हैं, जो पिंडदान, श्राद्ध और तर्पण आदि धर्म-कर्म के लिए प्रसिद्ध हैं। जानिए ऐसी ही 5 जगहों के बारे में...**















nandgaon times sep--26-03.qxd 9/25/2024 11:57 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# 8 रहस्यमय मौत से थर्राया गांव

## आखिर कौन है जिम्मेदार?

### काफी संख्या में ग्रामीणों को हो रही खून की उल्टी, स्वास्थ्य विभाग कुंभकर्णी नींद में, विधायक के पहुंचने पर प्रशासन को हुई जानकारी










**अफशान खान, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी**

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम नीचेकोहड़ा में विगत 15 दिनों के अंतराल में 8 लोगों की रहस्यमय तरीके से आकस्मिक मौत हो गयी है। जिसमें चार महिलाएं एवं तीन पुरुष है इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते ही इन लोगों की मौत हुई है।परिवार एवं गांव वाले मौत का कोई ठोस कारण नही बता पा रहे है केवल सामान्य सर्दी खांसी एवं उल्टी दस्त होने से ही प्रारंभिक तौर पर मौतो की खबर ग्रामीण बता पा रहे है। । उल्लेखनीय है कि ग्राम नीचेकोहडा में लगातार आकस्मिक मौतो का ग्राफ बढ़ते ही जा रहा है, रहस्यमय मौतो के क्रम में पहली मौत 28 अगस्त को हुई थी वही आखिरी दो मौतें 13 सितंबर को हुई है। सात में से चार ग्रामीण राजनांदगांव वहीं एक ग्रामीण ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ चौकी में दम तोड़ा है दो ग्रामीणों ने गांव में ही अंतिम सांस लिया। पीड़ित परिवार के अनुसार रेणुका नायक उम्र 23 साल तथा सती कंवर उम्र 18 साल दोनों सहेली थी दोनों की एक ही दिन में मौत हो गई। कुमारी रेणुका नायक गांव से सामान्य स्थिति में स्कूटी से सफर कर चौकी अस्पताल गई थी वहां से अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे राजनांदगांव रिफर किया गया जहां उसकी मौत हो गई। वही उसकी दूसरी सहेली सती कंवर का भी अस्पताल में इसी तारीख को मौत हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार हो रहे मौतों की जानकारी होने के बावजूद ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर आर धुर्वे, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ एस आर मंडावी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौडीकसा प्रभारी डॉक्टर हितेश मार्शल लोगों के मौतो में खामोश बैठकर तमाशा देख रहे हैं।इस दौरान ग्रामीणों ने एक जगह इकट्ठा होकर विधायक मंडावी से गांव में हो रही घटना के संबंध में विस्तार से बताया तत्पश्चात विधायक ने पीड़ित परिवारों के घर घर जाकर मुलाकात किया एवं रोते बिलखते परिवारों को ढांढस बंधाया साथ ही डोर टू पहुंचते हुए ग्रामीणों से बातचीत किया।

**बीएमओ , सीएमओचो को विधायक ने लगाया फटकार**

स्वास्थ्य विभाग के शीर्ष कुर्सी में ,20 -25 सालों से सांप की तरह कुंडली मार के बैठे ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर आर धुर्वे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस आर मंडावी को नीचेकोहड़ा पहुंचे विधायक इंद्र शाह मांडवी ने लगातार मौतों की जानकारी लेना चाहा तो दोनो अधिकारियों ने घटना की जानकारी से इनकार किया जिस पर विधायक ने फोन पर फटकार लगाते हुए व्यवस्था दुरुस्त करने तथा विशेष शिविर लगाकर डोर टू डोर सर्वे करने का निर्देश दिया। जबकि 15 दिनों के अंदर 8 मौतें चौकी सामुदायिक केंद्र से गुजर कर हुई है इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है जैसे खुद प्रशासन लोगों को गैर इरादतन मौत की तरफ धकेल रही है।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का डॉक्टर मार्शल रहते है नदारत**

ग्राम नीचेकोहड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौड़ीकसा के अंतर्गत आता है जहां के प्रभारी डॉक्टर हितेश मार्शल राजनांदगांव में निवास करते है माह में एक दो बार अस्पताल पहुंचकर पूरे माह का फर्जी उपस्थिति दर्ज करते हैं , इससे पूर्व भी विधायक श्री मंडावी ने जब कौडीकसा हॉस्पिटल का दौरा किया था तो वहां से भी डॉक्टर मार्शल नदारद मिले थे जबकि उस दौरान लेड़ीजोब में डायरिया का प्रकोप चल रहा था और मरीज कौड़ीकसा सहित चौकी में एडमिट थे।

**इनकी हुई है मौत**

मृतक रेणुका नायक उम्र 23 साल, कुमारी सती कंवर उम्र 18 साल, सरिता पटेल उम्र 45 साल, बिरेंद्र कुमार भूआर्य उम्र 23 साल, नंद कुमार नायक उम्र 45 साल, हट्टे राम निर्मलकर उम्र 55 साल एवं सूरजा बाई उम्र 70 साल का 15 दिनों के अंदर रहस्यमय तरीके से मौत हो गया है। वही नीचेकोहडा गांव में बेहद संख्या में लोग बीमार है साथ ही खून की उल्टी कर रहे हैंऔर स्वास्थ्य महकमा अनजान बने बैठा हुआ है।

## इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा डोंगरगांव में फार्मासिस्ट दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 25 सितम्बर को दुनियाभर में स्वास्थ्य सेवाओं में विशेष योगदान देने वाले फार्मासिस्ट को समर्पित



खास दिन मनाया गया फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा से जुड़े वह लोग हैं जो बतौर चिकित्सा पेशेवर दवाओं की आपूर्ति करते हैं और मरीजों को डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन दवाएं उपलब्ध कराते हैं साथ ही मेडिसिन के निर्माण से लेकर रिसर्च तक फार्मासिस्ट का एक विशेष भूमिका हैं। इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में राजनांदगांव जिले के फार्मासिस्ट सहित नगर के वरिष्ठ फार्मासिस्ट के द्वारा आयुर्वेद भगवान धनवंतरी का पुजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान करने के बाद फार्मेसी के ऊपर संगोष्ठी रखते हुए फार्मेसी के ऊपर प्रकाश डालें उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप डां रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट सुरेश नखत,रितेश अग्रवाल, हरिशंकर साहू, गिरीश पंसारी, अर्चना साहू,नीतू देवांगन, दिलीप मार्कण्डेय,विशाल खत्री,भोज कुमार साहू, अभिलाष गुप्ता,काजल गुप्ता,खेमराज लहरें,उदय पटेल, शिशिर वैष्णव सहित अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

## खुर्सीपार में नगद राशि सहित सामान पार किए चोर

**पुलिस गस्त में एक बार फिर उठे सवाल**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लंबे समय बाद एक बार फिर चोरों ने ग्रामीण क्षेत्र में धावा बोलते हुए ग्राम खुर्सीपार में जे के डेली नीडस में मंगलवार को रात्रि 12:00 के बाद अज्ञात चोरों ने नगद राशि सहित सामान चोरी कर ली गई है चोरी की घटना थाने में दर्ज कर दी गई है अज्ञात चोरों ने शटर का दो ताला तोड़कर दुकान में रखें नगद ?9000 एवं समान परफ्यूम 80 लाख परफ्यूम 15 नग टोपी 10 नग सिगरेट 10 हजार तक एवं चश्मा 5 नग इनके अलावा दुकान में रखे अन्य सामान को पार कर दिए गए हैं इनके अलावा चोरों ने खुर्सी पार से लगे ग्राम किरगी में एक दुकान में ताला तोड़कर दुकान के सारा सामान चोरी कर गया है घटना की जानकारी पुलिस थाने में दर्ज कर दी गई है लगातार हो रही चोरी के बाद एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों ने पुलिस गस्त पर फिर सवाल उठा रहे हैं।

### राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट जांच शिविर में शामिल हुए स्काउटर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट जांच शिविर 2024 का आयोजन राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर रायपुर में आयोजित किया गया। स्काउटर जिला प्रभारी श्री नीलकंठ ध्रुर्वे के नेतृत्व में जिले के 20 स्काउटर शिविर में शामिल हुए। राज्य स्तरीय जांच शिविर में सफल प्रतिभागियों को राज्यपाल द्वारा राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। साथ ही बोर्ड परीक्षा में पात्रताधारी सफल प्रतिभागियों को 10 अंक बोनस भी माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा प्रदान किया जाता है।

## कलेक्टर ने विद्या सागोंडे के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए अग्रिम सहयोग राशि 1 लाख 50 हजार रूपए का चेक किया प्रदान



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले में संचालित रेडक्रास सोसायटी से श्रीमती विद्या सागोंडे के नाम से पति श्री रितेश सागोंडे को किडनी ट्रांसप्लांट के पूर्व मरीज एवं किडनी दाता की आवश्यक जॉच के लिए 1 लाख 43 हजार रूपए का चेक श्री राम कृष्ण हॉस्पिटल रायपुर के नाम से एवं 7 हजार रूपए का चेक श्रीमती विद्या सागोंडे के नाम से द्वितीय किस्त के रूप में प्रदान किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मरीज के पति श्री रितेश सागोंडे को राशि 20 हजार रूपए का चेक जिले में संचालित रेडक्रास सोसाईटी से दस्तावेज तैयार किये जाने हेतु अग्रीम राशि प्रदाय किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा प्रदाय अग्रीम राशि 20 हजार रूपए की मदद से मरीज के पति श्री रितेश सागोंडे द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट से पूर्व आवश्यक सभी दस्तावेज तैयार कर लिया गया हैं। श्रीमती विद्या सांगोडे द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान किये जाने के संबंध में शासन से आग्रह किया गया था। कलेक्टर श्री अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा संचालक श्री राम कृष्ण अस्पताल रायपुर डॉ. संदीप दवे से किडनी ट्रांसप्लांट के संबंध में आवश्यक जानकारी ली गई। अस्पताल संचालक श्री राम कृष्ण हॉस्पिटल रायपुर द्वारा किडनी ट्रांसप्लांट के पूर्व मरीज एवं किडनी दाता की आवश्यक जॉच के संबंध में 1 लाख 50 हजार रूपए का इंस्टीमेंट प्रदाय किया गया हैं। अस्पताल संचालक श्री राम कृष्ण अस्पताल रायपुर ने बताया कि मरीज एवं किडनी दाता की आवश्यक जांच पूर्ण होने के बाद जॉच रिर्पोट के आधार पर श्रीमती विद्या सागोंडे के किडनी ट्रांसप्लांट की अग्रीम प्रक्रिया डॉक्टर श्री राम कृष्ण हॉस्पिटल रायपुर के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, सिविल सर्जन डॉ. यूएस चंद्रवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री भूमिका वर्मा, जिला प्रबंधक रेडक्रास सोसायटी श्री प्रदीप शर्मा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि का दायित्व अब महेंद्र वैष्णव को

**डोंगरगांव( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव विधान क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू ने डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में युवा नेता



महेंद्र वैष्णव को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है ,महाविद्यालय की कार्यप्रणाली पर नजर बनाए रखने,समय समय पर जानकारी रखने,विद्यार्थियों की सहायता हेतु युवा नेता महेंद्र वैष्णव को डोंगरगांव कॉलेज में भेजकर विधायक साहू ने युवाओं को उत्साहित कर दिया। महेंद्र वैष्णव के प्रतिनिधि नियुक्त होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन साहू ,हीरा निषाद,ललित लोढ़ा,सुयश नाहटा, विरेंद्र बोरकर,अखिलेश नखत,संजय मुटकुरे,रोशन यदु,रजत साहू,सद्दाम खत्री,किशोर बोहरा,सतीश वैष्णव,मोहन अय्यर,संजय संचेती,भगत कोर्राम,अशोक मालेकर,प्रियांक जैन,वैशाली बोरकर,दीपक देवांगन,रूखमणी साहू,शांति साहू,नरेंद्र साहू, देश राज जैन,बद्री नारायण शुक्ला,अजीत जैन,खालिद हसन,चंद्र शेखर ,,अमित ठाकुर,अब्दुल करीम,अभय लोढ़ा,रफीक खान,नियाजुद्दीन सोलंकी, रानी रोशन यदु,अरुणा देवांगन,श्रुति शुक्ला ,संध्या साहू,सोमन साहू ,विशाल सोनी,शशांक खोबरागड़े,राकेश साहू,रितेश राजपूत,पुस्पेंद्र नेताम,तुषार गायक वाद,दिलीप बोरकर,नरेश डभाले,मनोज साहू,रवि कोरे,संदीप डहरे,गणेश साहू,प्रदीप रत्नाकर ,उमाशंकर वर्मा,अनिल कसेर सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं बधाई दी है।

## अंत्योदय के सिद्धांत पर ही भाजपा ने जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई - संतोष अग्रवाल

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी एवं जनसंघ के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिन पर आज प्रत्येक बूथ में 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित करके भाजपा नेतागण प्रत्येक बूथों पर एकत्रित हुए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। इसी परिपेक्ष में जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह बूथ नंबर 51 एवं 52 में सदस्यता अभियान के तहत पंडित दीनदयाल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संतोष अग्रवाल ने कहा कि सुविधाओं में पलकर सफलताओं को चूमना बहुत सरल होता है ,परंतु विपरीत स्थिति में संघर्ष करते हुए सफलता को प्राप्त करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को जयपुर के निकट ग्राम धनक्या में अपने नाना चुन्नीलाल शुक्ला के घर हुआ। दीनदयाल जी के पिताजी पिता भगवती प्रसाद ग्राम नगला जिला मथुरा उत्तर प्रदेश के निवासी थे। 3 वर्ष की अवस्था में ही उनके पिताजी तथा 8 वर्ष की अवस्था में माता जी का देहांत हो गया।,, अत: दीनदयाल का पालन रेलवे में कार्यरत उसके मामा ने किया सदा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होते थे,



कक्षा 8 में उन्होंने अलवर बोर्ड मैट्रिक में अजमेर बोर्ड तथा इंटर में पिलानी में सर्वाधिक अंक पाए थे । श्री अग्रवाल ने बताया की 14 वर्ष की आयु में उनके छोटे भाई शिवदयाल का देहांत हो गया 1 ।939 में उन्होंने सनातन धर्म कॉलेज कानपुर में प्रथम श्रेणी में बीए पास किया यही उनका संपर्क संघ के उत्तर प्रदेश के प्रचारक श्री भाऊ राम देवराज से हुआ इसके बाद में संघ की ओर खींचते चले गए । श्री संतोष अग्रवाल ने बताया कि संघ से जोड़ने के बाद दीनदयाल उपाध्याय ने पूरे देश की स्थिति को अंत्योदय के सिद्धांत पर चलने को मजबूर कर दिया। आज देश में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के केंद्र में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय सिद्धांत ही कार्य कर रहा है।

**डिजिटल माध्यम से सैकड़ो सदस्य बनाए गए**

आज बूथ नंबर 51 एवं 52 में सैकड़ो सदस्यों ने भाजपा की नीति से प्रभावित होकर सदस्य बने, एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोनू बहादुर ने भी भाजपा की नीति एवं देश की व्यवस्था में भाजपा की उपयोगिता पर युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया, इसके बाद कई युवाओं ने सदस्य बनाने की जवाबदारी भी ली। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज बूथ नंबर 51 एवं 52 में लगाए गए सदस्यता पंडाल में वार्ड वासियों की अच्छी उपस्थिति देखी गई, कई लोग स्वयं भाजपा का सदस्य बनने हेतु सामने आए। आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश यादव, मुन्ना नशीले, विनोद श्रीरंग, दक्षिण मंडल प्रभारी रवि सिन्हा एवं धर्म उके उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com